UPSP010081522025

**न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय संख्या–10/विशेष न्यायाधीश (औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम), सहारनपुर।**

प्रकीर्ण सिविल अपील संख्या– 155/2025

सोमनाथ बनाम हरनेमचन्द आदि।

**15.07.2026**

पत्रावली पेश हुई। बार–बार पुकार करायी गयी। पुकार पर कोई उपस्थित नहीं आया है।

पत्रावली के अवलोकन से विदित है कि प्रकरण में पूर्व नियत तिथि 05.05.2026 को अपीलार्थी को विपक्षीगण पर पैरवी करने तथा उपस्थिति हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया गया था। अंतिम अवसर दिये जाने के उपरांत भी आज भी अपीलार्थी की ओर से कोई उपस्थित नहीं आया है और ना ही स्थगन प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिससे यही परिलक्षित होता है कि अपीलार्थी, प्रकीर्ण सिविल अपील के निस्तारण में कोई रूचि नहीं ला रहा है। अतः उपरोक्त तथ्यों एवं परिस्थितियों में अपीलार्थी की अनुपस्थिति में प्रस्तुत प्रकीर्ण सिविल अपील निरस्त किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रकीर्ण सिविल अपील संख्या–155/2025 अपीलार्थी की अनुपस्थिति में निरस्त की जाती है।

पत्रावली नियमानुसार बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल अभिलेखागार हो।

(संजय कुमार–V)
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश,
न्यायालय संख्या–10/विशेष न्यायाधीश,
(औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम)
सहारनपुर।
JO Code– UP1773

Digitally signed by SANJAY KUMAR
Date: 2026.07.15 16:06:23 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court